प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
22.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

प्रधानमंत्री ऑनलाइन गेमिंग विधेयक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि संसद द्वारा पारित ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन व विनियमन विधेयक– 2025 देश को गेमिंग, नवाचार और रचनात्मक सृजनशीलता का केंद्र बनाने की उनकी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह विधेयक समाज को ऑनलाइन मनी गेम्स के दुष्प्रभावों से भी बचाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार ई–स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को बढ़ावा देगी।

विधानसभा

प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र का आज पांचवा दिन है। सदन में आज प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, कृषि मंत्री चंद्र कुमार, नगर व ग्राम योजना मंत्री राजेश धर्माणी विभिन्न दस्तावेजों की एक–एक प्रति सभा पटल पर रखेंगे। मानसून सत्र की बैठक संपन्न होने के बाद राज्य मंत्रिमंडल की एक अहम बैठक आज शाम विधानसभा सचिवालय में होगी। इस बैठक में सदन में प्रस्तुत किए जाने वाले विधेयकों के प्रारूप पर चर्चा के अलावा कई अहम निर्णय लिए जा सकते हैं।

परमार भारत रत्न

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र में कल हिमाचल निर्माता डॉ. यशवंत सिंह परमार को भारत रत्न दिए जाने के संबंध में संकल्प सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस संबंध में नाहन से विधायक अजय सोलंकी ने सदन में संकल्प चर्चा के लिए लाया जिसे सत्तापक्ष और विपक्ष ने एक मत से समर्थन दिया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया की अब हिमाचल प्रदेश विधानसभा से यह संकल्प केंद्र सरकार को भेजा जाएगा।

राजीव भारद्वाज

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस मॉनसून सीजन में भारी बारिश के कारण पठानकोट–जोगिन्दर नगर रेलवे लाईन पर क्षतिग्रस्त चक्की पुल की मुरम्मत का कार्य अग्रिम स्टेज में है। कल लोकसभा में सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज के सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि इस ट्रैक पर जल्द ही यातायात बहाल कर दिया जाएगा। राजीव भारद्वाज के एक अन्य सवाल के जवाब में केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी ने बताया कि भंगवार से कांगड़ा के बीच 18 किलोमीटर लम्बी फोरलेन सड़क के 14 किलोमीटर के स्ट्रैच का कार्य पूरा कर लिया है जबकि शेष कार्य इस वर्ष 31 दिसम्बर तक पूरा किया जाएगा।

रजनी पाटिल दौरा

कांग्रेस में संगठन के गठन और मजबूती को लेकर कवायद तेज हो गयी है। पार्टी की प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल तीन दिवसीय दौरे पर शिमला में है। पाटिल आज शिमला के पीटरहॉफ में कांग्रेस विधायक दल की बैठक में शामिल हुई है, जिसके पश्चात उनका कांग्रेस मुख्यालय शिमला में अग्रणी संगठनों के नेताओं से भी मुलाकात का कार्यक्रम है।

मौसम

प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में आज हल्के बादलों के बीच धूप खिली है जबकि मौसम विभाग के अनुसार आज रात से एक बार फिर मानसून सक्रिय होने जा रहा है । विभाग ने आज प्रदेश के कई क्षेत्रों में हल्की वर्षा और तूफान आने का येलो अलर्ट जारी किया है जबकि कल 23 अगस्त से अगले 4 दिनों के लिए प्रदेश के अनेको क्षेत्रो में भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट हैं।

———————————————